दिनांक : 30.08.2025 समय : 07.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन के तिआनजिन में कल से शुरू हो रहे शिखर सम्मेलन में होंगे शामिल।
- ग्वालियर में रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव में 3,500 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।
- प्रधानमंत्री कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में लोगों के साथ अपने विचार करेंगे साझा ।

और

- प्रदेश के कई जिलों में बारिश का दौर जारी, 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट।

..................

प्रधानमंत्री–चीन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25वें शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में सहभागिता के लिए आज चीन के तियानचिन पहुंचे। दो दिन की यह बैठक कल से शुरू हो रही है। सम्मेलन के दौरान श्री मोदी वैश्विक नेताओं से मिलेंगे और क्षेत्रीय सुरक्षा, संपर्क, सतत विकास तथा वैश्विक सहयोग के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। सम्मेलन में, संगठन की 25 वर्ष की उपलब्धियों पर चर्चा होगी और अगले दस वर्ष की कार्य योजना को अंगीकृत किया जाएगा।

रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव

ग्वालियर में दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पर्यटन क्षेत्र में निवेश को लेकर उद्योगपतियों से वन–टू–वन चर्चा की। इस अवसर पर प्रदेश के पर्यटन स्थलों, गतिविधियों एवं आयोजनों के डिजिटल प्रचार–प्रसार एवं इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग के लिए समझौते हुए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर के राजा मान सिंह तोमर कला एवं संगीत विश्वविद्यालय परिसर और जीवाजी विश्वविद्यालय परिसर में होने वाले विभिन्न निर्माण कार्यों का वर्चुअली भूमिपूजन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने प्रेस वार्ता में बताया कि कॉन्क्लेव में 3,500 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं–

स्वदेशी से स्वावलंबन: संगोष्ठी

मुख्यमंत्री एवं जनअभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्वदेशी वस्तुएं केवल उत्पाद ही नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय अस्मिता, धरोहर और हमारे मान–सम्मान का

प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया "वोकल फॉर लोकल" अभियान भारतीयता की इसी भावना को आगे बढ़ाने का माध्यम है। आज भोपाल में जनअभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में 'स्वदेशी से स्वावलंबन' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय संगोष्ठी में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम सभी को अपने जीवन में देशी उत्पादों का उपयोग बढ़ाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर जन अभियान परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के मध्य स्वदेशी उत्पादों के प्रचार–प्रसार की जनजागृति के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

स्वदेशी सुरक्षा कार्यशाला

स्वदेशी जागरण मंच की दो दिवसीय आवासीय कार्यशाला आज से भोपाल में प्रारंभ हुई। कार्यशाला का उददेश्य महिला उद्यमियों, शोधकर्ताओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाना है। पहले दिन स्वदेशी उत्पादों, आत्मनिर्भरता और स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिए भारत को स्वदेशी की राह पर लाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में देश भर से 45 प्रांतों से 200 महिलाएं शामिल हुई हैं। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया, राष्ट्रीय सह संगठन स्वदेशी जागरण मंच सतीश कुमार, अखिल भारतीय महिला प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच से अर्चना मीना और एनआईटीटीआर के निर्देशक चंद्र चारु त्रिपाठी शामिल हुए।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 125वां एपिसोड होगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट newsonair.gov.in और मोबाइल ऐप न्यूज़ऑनएयर पर किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, पीएमओ तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में कार्यक्रम प्रसारित करेगा।

भारत–जीडीपी

भारत का वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल–जून तिमाही में सात दशमलव आठ प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। यह पाँच तिमाही में सबसे अधिक है। पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में जीडीपी में सात दशमलव चार प्रतिशत रही थी, जबकि पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह छह दशमलव पांच प्रतिशत थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी पहली तिमाही के आंकडों के अनुसार नॉमिनल जीडीपी में आठ दशमलव आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई।

शिक्षक सम्मान

प्रदेश में 5 सितम्बर शिक्षक दिवस पर भोपाल में होने वाले राज्य स्तरीय शिक्षक समारोह में 14 शिक्षकों को उनके द्वारा श्रेष्ठ कार्य करने पर सम्मानित किया जायेगा। पुरस्कृत शिक्षकों को 25 हजार रुपये की सम्मान निधि, शॉल–श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया जायेगा। सम्मानित शिक्षकों में प्राथमिक, माध्यमिक श्रेणी के 8 और उच्चतर माध्यमिक श्रेणी के 6 शिक्षक शामिल हैं। गत वर्ष 2024 में राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को भी सम्मानित किया जायेगा।

मौसम

प्रदेश के कई जिलों में लगातार बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज इंदौर, नर्मदापुरम और जबलपुर संभाग के 19 में से 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। अगले 24 घंटों के दौरान आलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा भारी बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटे कई जिलों के लिए चुनौती भरे साबित हो सकते हैं। **प्रदेश में इस सीजन** में **अब तक 36.5 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है।**

**बिहार एशिया कप 1800**

**बिहार के राजगीर में, एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप के दूसरे दिन आज बांग्लादेश ने चीनी ताइपे को 8-3 से हरा दिया। आज ही एक अन्य मैच में, मलेशिया ने दक्षिण कोरिया पर 4-1 से जीत दर्ज की। मेजबान भारत ने अपने पहले मैच में चीन को पराजित किया था। भारत का दूसरा मैच कल जापान से होगा।**

**समाचार संक्षेप में :–**

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 1 सितंबर को मुख्यमंत्री निवास पर विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का अनावरण और ऐप का लोकार्पण करेंगे।
- खंडवा जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में मेगा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस श्रृंखला का पहला शिविर आज खालवा विकासखंड के ग्राम रोशनी के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में आयोजित हो रहा है।
- आगरमालवा जिले में कल से तीन दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारम्भ हुआ। पहले दिन बैडमिंटन और टेबल टेनिस सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।
- शिवपुरी के जूडो खिलाड़ियों ने सब जूनियर और कैडेट राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता इंदौर में शानदार प्रदर्शन किया है। जूडो खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण 2 रजत और 5 कांस्य पदक जीते।
- **देवास में एक दिवसीय बाढ़ आपदा राहत एवं बचाव कार्य से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

नमस्कार।

..............................................